Title : Need for procurement of mustard seeds in time-bound manner in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid

श्रीमती संजना जाटव **(**भरतपुर**) :** मैं किसान की बेटी हूं और किसानो के दुख-दर्द को भली भातिं समझती हूं । आज देश में किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है लेकिन सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओ पर नहीं है । मैं किसानों की बदतर हालात पर अपनी बात आपके माध्यम से रखना चाहूंगी कि मेरा ससंदीय क्षेत्र भरतपुर सरसों की खेती के लिए प्रसिद्ध है । लेकिन किसानों की सरसों फसल को सरकारी एजेंसी द्वारा समय पर खरीद प्रक्रिया नहीं की जाती है एंव बेचने के लिए लैब टेस्ट जैसी जटिल प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है । सरकारी एजेंसी द्वारा खरीद प्रक्रिया समय पर शुरू नहीं करने के कारण किसानों को निर्धारित एम. एस. पी. दर 5900 रुपए प्रति क्विंटल से कम अपनी फसल को बाजार में मजबूरन बीचौलियो के माध्यम से लगभग 4000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचना पड़ रहा है । सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए की फसल कटाई के समय ही एम. एस. पी. पर खरीद प्रक्रिया शुरू हो जिससे किसान को अपनी फसल का उचित दाम समय पर मिल सके ।